**बिहार लोक सेवा आयोग,**
**15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना**

**प्रेस विज्ञप्ति**

दिनांक 15.03.2024 को बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित अध्यापक भर्त्ती परीक्षा (TRE -3.0) के प्रश्न–पत्र के कथित रूप से लीक होने के सम्बंध में दिनांक 16. 03.2024 को आर्थिक एवं साईवर अपराध प्रभाग, बिहार, पटना द्वारा प्रतिवेदन उपलब्ध कराया गया। उपलब्ध कराये गये प्रतिवेदन पर आयोग द्वारा की गई समीक्षा के क्रम में यह बात सामने आयी है कि दिनांक 15.03.2024 को आयोजित परीक्षा प्रारम्भ होने के पूर्व प्रश्न–पत्र लीक होने के सम्बंध में मानक साक्ष्य उक्त प्रतिवेदन में उपलब्ध नहीं है।

कथित रूप से प्रश्न–पत्र लीक होने के सम्बंध में आर्थिक एवं साईवर अपराध प्रभाग द्वारा विशेष टीम गठित कर दिनांक 15.03.2024 को प्रातः 05.00 बजे ही हजारीबाग स्थित कई स्थानों पर छापेमारी कर उत्तर रटने हेतु सैंकड़ो की संख्या में अभ्यर्थी एकत्रित होने एवं छापेमारी के क्रम में मोबाईल फोन, लैपटॉप, प्रिंटर, पेनड्राइव आदि बरामद होने की सूचना प्रतिवेदित की गई। आयोग को प्रश्न–पत्र लीक होने के सम्बंध में प्रथम सूचना दिनांक 15.03.2024 के अपराह्न 02.30 बजे तक उपलब्ध कराई गई। उसके पूर्व अपराह्न 12.00 बजे प्रथम पाली की परीक्षा समाप्त हो चुकी थी और द्वितीय पाली की परीक्षा अपराह्न 02.30 बजे प्रारम्भ हो गई थी।

कथित प्रश्न–पत्र लीक का मामला आर्थिक अपराध इकाई द्वारा अनुसंधानान्तर्गत है। आयोग द्वारा परीक्षा प्रारम्भ होने के पूर्व प्रश्न–पत्र एवं उत्तर लीक होने सम्बंधी ठोस साक्ष्य की मांग आर्थिक अपराध इकाई से की गई है। ठोस साक्ष्य एवम् वांछित सूचनाएँ प्राप्त होने पर समीक्षोपरान्त शिक्षक भर्त्ती परीक्षा के तीसरे चरण (TRE -3.0) हेतु दिनांक 15.03.2024 को आयोजित परीक्षा के सम्बंध में आयोग द्वारा निर्णय लिया जाएगा।